भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4476
उत्तर देने की तारीख 02 अप्रैल, 2026
12 चैत्र, 1948 (शक)

खेलों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी

4476 श्री हरभजन सिंह:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने खेलों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कोई विशिष्ट योजनाएँ शुरू की हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में खेल सुविधाओं में सुधार के लिए कोई दिशानिर्देश जारी किए हैं या निधि आवंटित की हैं और पंजाब सहित अब तक कितने संस्थान इससे लाभान्वित हो चुके हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास की जिम्मेदारी, जिसमें खेलों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी बढ़ाने और स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में खेल सुविधाओं में सुधार शामिल है, मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके इनके प्रयासों में सहायता करती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय पंजाब राज्य सहित देश भर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित करता हैः

i. खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
ii. राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता;

iii. अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद प्रोत्साहन;
iv. राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
v. मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
vi. खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
vii. राष्ट्रीय खेल विकास निधि;
viii. भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन; और
ix. राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर)।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इसके अलावा, खेलो इंडिया स्कीम के घटक "खेलों के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देना" के उप-घटक "महिलाओं के लिए खेल" देश भर में खेलों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी को बढ़ावा देता है और प्रोत्साहित करता है। तदनुसार, खेलो इंडिया महिला लीग 2021 में शुरू की गई थी ताकि महिलाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के अवसर प्रदान किए जा सकें। इसे अस्मिता लीग के रूप में पुनः नामित किया गया जिसका अर्थ है, "कार्रवाई के माध्यम से महिलाओं को प्रेरित कर खेल उपलब्धि हासिल करना"। इस पहल के तहत विभिन्न खेलो इंडिया महिला लीग आयोजित की जा रही हैं। आज तक, देश भर में 34 से अधिक खेल विधाओं में 2600 से अधिक अस्मिता लीग का आयोजन किया गया है, जिसमें 3,00,000 से अधिक महिला एथलीटों ने भाग लिया है। इस पहल ने पूरे देश में खेलों में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की है और महिला एथलीटों को सभी आयु वर्गों में प्रतिस्पर्धा करने, सीखने और आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए हैं।

(ग) इस मंत्रालय द्वारा लागू की जाने वाली खेलो इंडिया स्कीम तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), मांग-आधारित स्कीमें हैं, जिनके अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर, उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता तथा स्कीम के अंतर्गत उपलब्ध निधियों के आधार पर वित्तीय सहायता हेतु विचार किया जाता है। पंजाब राज्य सहित, देशभर में खेलो इंडिया स्कीम तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं का विवरण, उनकी स्वीकृत लागत, जारी निधि तथा वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड पर क्रमशः https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****